Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding imposition of import duty by Bangladesh on grapes, pomegranate and raisin from Maharashtra.

श्री हरिश्चन्द्र चव्हाण (दिंडोरी):अध्यक्ष महोदया, मेरे दिंडोरी क्षेत्र में अंगूर, अनार, मुनक्का और प्याज का सबसे ज्यादा उत्पादन होता है। भारत से, विशेषकर मेरे दिंडोरी क्षेत्र से बांग्लादेश को अंगूर, अनार और मुनक्का काफी मात्रा में निर्यात होता था । देश में प्याज के बढ़ते उत्पादन में से विदेशों को ज्यादा निर्यात किया जा सकता है, लेकिन अभी सिर्फ 5 प्रतिशत हो रहा है। वर्ष 2016-17 में 38358 मिट्रिक टन का निर्यात किया गया था, जिससे करोड़ों रुपये की विदेशी मुद्रा भारत को मिली थी, किन्तु बांग्लादेश सरकार ने सौ प्रतिशत की इम्पोर्ट ड्यूटी लगा दी है, यानी सौ रुपये के माल का निर्यात हुआ, तो सौ रुपये इम्पोर्ट ड्यूटी ली जाती है, जिसके कारण भारत के अंगूर, अनार और मुनक्का का निर्यात घटकर 2017-18 में 5134 मिट्रिक टन रह गया है। निर्यात में करीब 85 प्रतिशत की कमी आई है। अंगूर, अनार एवं मुनक्का का निर्यात महाराष्ट्र से अधिकतर होता था, निर्यात में कमी की वजह से महाराष्ट्र के किसानों की आय में कमी हुई है।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि महाराष्ट्र के किसानों के हित में एवं विदेशी मुद्रा कमाने के लिए भारत सरकार बांग्लादेश सरकार से अनुरोध करे कि अंगूर, अनार एवं मुनक्का पर से इम्पोर्ट ड्यूटी को पूरी तरह से हटाया जाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री हरिश्चन्द्र चव्हाणद्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।